हिन्दी

पाठ –दो बैलों की कथा

कार्य प्रपत्र

कक्षा-9

नाम__________________ अनुक्रमांक_______________________ दिनांक_________________

गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

झूरी काछी के दोनों बैलों के नाम थे हीरा और मोती । दोनों पछाई जाति के थे –देखने में सुन्दर , काम में चौकस , डील में ऊँचे । बहुत साथ-साथ रहते –रहते दोनों में भाईचारा हो गया। दोनों आमने –सामने या साथ-साथ बैठे हुए एक –दूसरे से मूक भाषा में विचार –विनिमय करते थे । एक –दूसरे के मन की बात कैसे समझ जाता था, हम नहीं कह सकते । अवश्य ही उनमें कोई ऐसी शक्ति थी जिसमें जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है । दोनों एक दूसरे को चाटकर और सूँघकर अपना प्रेम प्रकट करते, कभी-कभी दोनों सींग भी मिला लिया करते थे-विग्रह के नाते से नही, केवल विनोद के भाव से ,आत्मीयता के भाव से ,जैसे दोस्तों में घनिष्ठता होते ही धौल-धप्पा होने लगता है।

प्रश्न-1 प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम लिखिए ।

उत्तर---

प्रश्न-2 दोनों बैल किस जाति से संबंधित थे ?

उत्तर---

प्रश्न—3 दोनों बैल अपने प्रेम को कैसे जताते थे ?

उत्तर---

प्रश्न—4 उनके स्वभाव की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर---

प्रश्न—5' अवश्य ही उनमें कोई ऐसी शक्ति थी जिसमें जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर---

हिन्दी

पाठ –दो बैलों की कथा

कार्य प्रपत्र

कक्षा-9

नाम___________________ अनुक्रमांक_________________________ दिनांक__________________

गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

झूरी प्रात:काल सोकर उठा तो देखा दोनों बैल चरनी पर खड़े हैं। दोनों की गरदनों में आधा-आधा गराँव लटक रहा था। घुटने तक पाँव कीचड़ में सने हैं और दोनों में विद्रोहमय स्नेह झलक रहा है। झूरी बैलों को देखकर स्नेह से गद्गद हो गया और दौड़कर गले लगा लिया। प्रेमालिंगन और चुंबन का वह दृश्य बड़ा ही मनोहर था। घर और गाँव के लड़के जमा हो गये। तालियाँ बजा- बजाकर उनका स्वागत करने लगे। गाँव के इतिहास में यह घटना अभूतपूर्व न होने पर भी महत्त्वपूर्ण थी। बालसभा ने निश्चय किया दोनों पशु वीरों को अभिनंदन पत्र देना चाहिए। कोई अपने घर से रोटियाँ लाया, कोई गुड़, कोई चोकर।

प्रश्न—1 प्रात:काल सोकर उठने के बाद झूरी ने क्या देखा?

उत्तर--

प्रश्न—2 बैलों की वीरता का अभिनंदन –पत्र देने का निश्चय किसने किया?

उत्तर--

प्रश्न—3 किसकी आँखों में विद्रोहमय स्नेह झलक रहा था?

उत्तर--

प्रश्न—4 झूरी ने बैलों की कैसी दशा देखकर प्रेमालिंगन किया?

उत्तर--

प्रश्न—5 तालियाँ बजाकर कौन बैलों का स्वागत करने लगे और क्यों ?

उत्तर--

हिन्दी

पाठ –दो बैलों की कथा

कार्य प्रपत्र

कक्षा-9

नाम__________________ अनुक्रमांक_______________________ दिनांक_________________

प्रश्न—1 हीरा और मोती ने गया के साथ जाने का विरोध किसलिए किया?

उत्तर---

प्रश्न—2 सच्चे मित्रों की क्या परख होती है? क्या हीरा और मोती भी सच्चे मित्र थे ?

उत्तर---

प्रश्न---3 झूरी की पत्नी ने हीरा-मोती को पहले नमक –हराम क्यों कहा? बाद में उनका माथा किसलिए चूमा?

उत्तर---

प्रश्न—4 पाठ में लेखक ने दुर्दशा के किन कारणों का चित्रण किया है?

उत्तर---

प्रश्न—4 गया के घर से भाग आने पर हीरा और मोती का कैसा स्वागत हुआ और क्यों?

उत्तर---

प्रश्न—5 हीरा- मोती ने दूसरी बार गया के घर भेजे जाने का किस ढंग से विरोध किया?

उत्तर---

हिन्दी

पाठ –दो बैलों की कथा

कार्य प्रपत्र

कक्षा-9

नाम____________________ **अनुक्रमांक**__________________________ **दिनांक**___________________

प्रश्न—1 हीरा और मोती में से कौन ज्यादा धैर्यशाली था? सिद्ध कीजिए।

उत्तर---

प्रश्न-2 दो बैलों की कथा पाठ से कौन–से नैतिक मूल्य उभरते हैं?

उत्तर---

प्रश्न—3 सिद्ध कीजिए कि हीरा –मोती क्रांतिकारी थे ?

उत्तर---

प्रश्न—4 इस पाठ से हमें क्या प्रेरणा मिलती हैं?

उत्तर---

प्रश्न—5 साँड को मार गिराने की घटना से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

उत्तर---

प्रश्न---6 क्या यह कहानी वास्तव में आज़ादी की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा देती है ?तर्कसंगत उत्तर दीजिए।

उत्तर---

प्रश्न---7 बैलों के प्रति बच्ची के प्यार के उमड़ने का क्या कारण था ? वर्णन कीजिए ।

उत्तर---

प्रश्न ---8 किसान जीवन वाले समाज में पशु और मनुष्य के आपसी संबंधों को कहानी में किस तरह व्यक्त किया गया है ?

उत्तर---

प्रश्न—9 कांजीहौस में कैद पशुओं की हाज़िरी लेने का क्या कारण था? वर्णन कीजिए ।

उत्तर---

प्रश्न—10 आशय स्पष्ट कीजिए---

अवश्य ही उनमें कोई न कोई गुप्त शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है ।

उत्तर---

हिन्दी

पाठ –दो बैलों की कथा

कार्य प्रपत्र

कक्षा-9

नाम____________________ **अनुक्रमांक**_________________________ **दिनांक**___________________

प्रश्न-1 निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए।

1 मूक

2 चौकस

3 वंचित

4 विग्रह

5 आत्मीयता

प्रश्न-2 'गदगद होना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

उत्तर---

प्रश्न—3 'झूरी बैलों को देखकर स्नेह से गद्गद हो गया और दौड़कर गले लगा लिया'।

(रचना की दृष्टि से वाक्य का कौन –सा प्रकार है ?)

उत्तर---

प्रश्न-4 पाठ में आए किन्ही पाँच मुहावरे लिखो और उनका वाक्यों में प्रयोग करो |

उत्तर---